'मिसेज' का प्रीमियर भारतीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न में

भारतीय फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2024 में सान्या मल्होत्रा स्टारर फिल्म 'मिसेज' का प्रीमियर होगा। इस फिल्म का निर्देशन आरती कदव ने किया है। सान्या मल्होत्रा और निर्देशक आरती कदव फेस्टिवल में शामिल होंगीं। यह फिल्म एक हाउसवाइफ के जीवन को दर्शाती है, जो शादी से पहले एक डांस टीचर थी। शादी के बाद वह अपनी राह बनाने के लिए प्रयास करती है। 'मिसेज' मलयालम फिल्म 'द ग्रेट इंडियन किचन' का हिंदी रीमेक है। सान्या को इस फिल्म के लिए न्यूयॉर्क भारतीय फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री का पुरस्कार मिला था और उन्हें इस फिल्म फेस्टिवल के लिए भी सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री की श्रेणी में नामांकन मिला है। भारतीय फिल्म महोत्सव मेलबर्न 2024 का आयोजन 15 अगस्त से 25 अगस्त तक किया जाएगा।